**बिहार सरकार**

स्वास्थ्य विभाग

# प्रेस विज्ञप्ति

**नवनियुक्त विशेषज्ञ एवं सामान्य चिकित्सा पदाधिकारियों के योगदान समर्पित करने हेतु निर्धारित समय–सीमा को विस्तारित करने संबंधी आवश्यक सूचना :–**

बिहार स्वास्थ्य सेवा के अधीन विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी एवं सामान्य चिकित्सा पदाधिकारियों की नियुक्ति हेतु बिहार तकनीकी सेवा आयोग से विज्ञापन संख्या–06/2025 (मूर्च्छक), 07/2025 (चर्म रोग), 08/2025 (ई०एन०टी०), 09/2025 (जेनरल सर्जन), 10/2025 (स्त्री रोग), 11/2025 (माईक्रोबायोलॉजी), 12/2025 (नेत्र रोग), 14/2025 (शिशु रोग), 15/2025 (पैथोलॉजी), 17/2025 (मनोचिकित्सक), 18/2025 (रेडियोलॉजी) एवं 19/2025 (सामान्य चिकित्सा पदाधिकारी) प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापनों के विरूद्ध आयोग से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में विभिन्न विभागीय अधिसूचनाओं द्वारा कुल–1723 योग्य अभ्यर्थियों को सेवा में नियुक्त करते हुए विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में पदस्थापित किया गया था। नियुक्ति की उक्त अधिसूचनाओं में योगदान समर्पित करने हेतु 30 दिन का समय निर्धारित किया गया था।

2. उल्लेखनीय है कि नवनियुक्त विशेषज्ञ एवं सामान्य चिकित्सा पदाधिकारियों के योगदान समर्पित करने संबंधी क्षेत्रीय कार्यालयों से प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि 175 नवनियुक्त विशेषज्ञ/सामान्य चिकित्सा पदाधिकारियों द्वारा अब तक पदस्थापित संस्थान पर योगदान समर्पित नहीं किया गया है। उक्त संबंध में विभाग द्वारा दूरभाष पर सम्पर्क करने के क्रम में कतिपय नवनियुक्त चिकित्सकों द्वारा योगदान समर्पित करने हेतु इच्छा व्यक्त की गयी तथा योगदान की समय–सीमा को विस्तारित करने का अनुरोध भी किया गया है।

3. वर्णित स्थिति में उपर्युक्त सभी नवनियुक्त विशेषज्ञ/सामान्य चिकित्सा पदाधिकारियों के योगदान समर्पित करने हेतु पूर्व में निर्धारित समय–सीमा को दिनांक–10.07.2026 तक विस्तारित किया जाता है। अतः जिन विशेषज्ञ/सामान्य चिकित्सा पदाधिकारियों द्वारा अब तक योगदान समर्पित नहीं किया गया है, वे दिनांक–10.07.2026 तक नव पदस्थापित स्थान में योगदान समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। नवनियुक्त विशेषज्ञ/सामान्य चिकित्सा पदाधिकारियों द्वारा उक्त विस्तारित समय–सीमा के अन्दर किये जाने वाले योगदान को स्वीकृत करने की कार्रवाई संबंधित नियंत्री पदाधिकारी द्वारा तद्नुसार किया जायेगा।

1450(2)
25/6/26

25/6/26

**(विनोद कुमार पाठक)**
**सरकार के उप सचिव।**